कार्यालयः– जिला कार्यक्रम अधिकारी, झाँसी।

पत्रांक   /जि0का0/बा0वि0परि0/विज्ञप्ति/2024–25 /   दिनॉक 27, सितम्बर, 2024

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश सं0 19/2023/395/58–1– 2022–2/1(22)10 टी.सी दिनांक 21 मार्च, 2023 के वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद झाँसी के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्र में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में ऑगनबाडी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकिया के तहत विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। रिक्त पदो का परियोजनावार विवरण निम्नवत् है:–

क0सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों के रिक्त पदो की संख्या
1	बबीना	ग्रामीण	33
2	बड़ागॉव	ग्रामीण	12
3	बामौर	ग्रामीण	22
4	बंगरा	ग्रामीण	30
5	चिरगॉव	ग्रामीण	42
6	गुरसरॉय	ग्रामीण	50
7	मऊरानीपुर	ग्रामीण	34
8	मोंठ	ग्रामीण	20
9	झाँसी शहर	शहरी	47
	योग		290

नोटः– उपर्युक्त तालिका में वर्णित रिक्त पदों की संख्या विभागीय स्थिति के आधार पर घट या बढ़ सकती है।

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एव आरक्षण तथा अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलैक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकासखंड व बाल विकास परियोजना इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है, साथ ही विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in ऑनलाइन अपलोड है।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देश :–

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
2. ऑगनबाड़ी कार्यकत्री के लिये न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडियट या उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को विज्ञापित रिक्त पद सम्बन्धी वार्ड/ग्राम सभा की स्थाई निवासी होना अनिवार्य है। आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ तिथि 01 जुलाई 2024 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा 35 वर्ष से अधिक नही होने चाहिए।
4. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन फार्म ही स्वीकार्य होगें। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किये जायेगें।
5. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 17.10.2024 मध्य रात्रि 12.00 बजे तक होगी।
6. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रकिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है, साथ ही अधिक जानकारी हेतु बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/
(विपिन कुमार मैत्रेय)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
झाँसी।

पृष्ठाकंन सं0 C-613/उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उ0प्र0 लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, झाँसी।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, झाँसी।
4. समस्त उपजिलधिकारी, जनपद–झाँसी।
5. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद–झाँसी।
6. जिला सूचना अधिकारी, झाँसी को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि शासकीय अनुमोदित दरों पर तथा न्यूनतम स्पेस उक्त विज्ञप्ति जनपद झाँसी के प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र–दैनिक जागरण, झाँसी एवं दैनिक अमर उजाला, झाँसी में प्रकाशित कराते हुये बिल दो प्रतियों में भुगतान की कार्यवाही हेतु उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
7. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी, जनपद झाँसी को इस निर्देश के साथ कि वह उपरोक्त विज्ञप्ति तहसील, विकासखण्ड, सी0एच0सी तथा अपने कार्यालय में चस्पा करें तथा व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करें।
8. कार्यालय प्रति।

27/09/2024
जिला कार्यक्रम अधिकारी
झाँसी।

Scanned with OKEN Scanner